## एक नजर में



### 23 को उज्जैन से भोपाल के लिए होंगे रवाना

**उज्जैन।** कोठी पैलेस स्थित अजाक्स कार्यालय पर अजाक्स जिला उज्जैन द्वारा जिला अध्यक्ष डॉक्टर आर एल परमार के नेतृत्व में बैठक आयोजित की गई। बैठक शुरू करने से पहले बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की तस्वीर पर माल्यार्पण किया जिसके बाद बैठक शुरू हुई। डीएल भीलवाड़ा ने बताया कि अजाक्स की बैठक में प्रांतीय सम्मेलन एवं अजाक्स के विभिन्न मुद्दों को लेकर चर्चा हुई। बैठक के दौरान सभी ने अपने-अपने सुझाव दिए और संगठन को मजबूत करने को लेकर रणनीति बनाई गई। 23 नवंबर को भोपाल में अजाक्स संगठन ने प्रांतीय आमसभा का आयोजन किया जाएगा। जिसमें उज्जैन जिले से बड़ी संख्या में अजाक्स के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता भोपाल में शामिल होंगे। जिसको लेकर भी संगठन द्वारा तैयारी शुरू कर दी है। बैठक में दरियाव सिंह गेहलोत, डॉ. प्रमोद मालवीय, बीएल सिदल, विक्रमसिंह परमार, जिला सचिव करण परमार प्रवीण गेहलोत, भैरूसिंह परमार, रतन गोयल, बाबूलाल ऐरवाल, लक्ष्मीनारायण भाट, पीरुलाल मालवीय आदि लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



### वार्ड 40 में सीमेंट कांक्रीट कार्य का भूमिपूजन

**उज्जैन।** रविवार को वार्ड क्रमांक 40 शंकरपुर अंतर्गत क्षेत्रीय पार्षद जानी बाई सतीश राठौर के प्रयासों से क्षेत्र में नगर निगम द्वारा राशि रुपए लगभग 20 लाख रुपए की लागत से सीमेंट कांक्रीट रोड एवं नाली निर्माण कार्य का भूमि पूजन निगम अध्यक्ष कलावती यादव के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। वार्ड क्रमांक 40 अंतर्गत शंकरपुर स्थित गणेश टेंट हाउस के पास गली में राशि रुपए लगभग 06 लाख की पार्षद निधि से नाली निर्माण कार्य एवं पंचकुआ क्षेत्र अंतर्गत राशि रुपए लगभग 14 लाख निगम मद की राशि से सीमेंट कांक्रीट रोड एवं नाली निर्माण का कार्य करवाया जाएगा। जिससे क्षेत्र वासियों को आवागमन में सुविधा होगी। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष हेमंत सोलंकी, महामंत्री आनंद खींची, कमल बैरवा एवं वार्ड के सम्माननीय नागरिक उपस्थित रहे।





### शिप्रा प्रदक्षिणा यात्रा का अभिनंदन

**उज्जैन।** राम घाट से त्रिशूल शिवगण वाहिनी के तत्वावधान में क्षिप्रा प्रदक्षिणा यात्रा 2 नवंबर की प्रातः आरंभ हुई। जिसमें शामिल जूना अखाड़ा के महामंडलेश्वर शैलेषानंन्द गिरी, निर्मोही अखाड़े के महामंडलेश्वर ज्ञानदास, संस्थापक सुरेन्द्र चतुर्वेदी एवं शीला तोमर आदि का तीन बत्ती चौराहे पर अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय महामंत्री अनिलसिंह चंदेल, राष्ट्रीय कार्यकारणी सदस्य ठाकुर हरदयालसिंह एडवोकेट एवं मांगूसिंह राठौड़ आदि ने पुष्पमालाओं से अभिनंदन किया। आयोजकों ने बताया कि शिप्रा उदगम संगम यात्रा का उद्देश्य शिप्रा को पौराणिक स्वरूप में लौटाना तथा स्वच्छता एवं पवित्रता के लिए जनजागरण करना है।



### मंछामन मल्टी के निर्माण निरीक्षण किया

**उज्जैन।** प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत मंछामन स्थित आवासीय इकाइयों का निर्माण कार्य नगर निगम द्वारा किया जा रहा है। जिसके कार्यों का निरीक्षण रविवार को महापौर मुकेश टटवाल द्वारा करते हुए आधिकारियों से प्रचलित कार्यों की जानकारी ली गई कि वर्तमान में कितना काम हो चुका है। साथ ही कहा कि शीघ्र ही कार्य पूर्ण करते हुए हितग्राहियों को आवंटित मकान को सौंपने की कार्रवाई की जाए। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन यंत्री पीसी यादव उपयंत्री शिवम गुप्ता उपस्थित रहे।



### छोटी रपट से पैदल आवागमन हुआ प्रारंभ

**उज्जैन।** कार्तिक मेला जाने के लिए पैदल यात्रियों को छोटी रपट (राम घाट से दत्त अखाड़ा घाट) से वैकल्पिक मार्ग रहेगा जो कि रविवार से निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा के निर्देश पर पैदल आवागमन हेतु प्रारंभ कर दिया है। नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने बताया कि कार्तिक मेला क्षेत्र तक नागरिकों के सुगम आवागमन के लिए वैकल्पिक मार्ग की व्यवस्था की गई है। इसी तारतम्य में कार्तिक मेला जाने वाले पैदल नागरिक छोटी रपट जो कि राम घाट से दत्त अखाड़ा घाट को जोड़ती है। उसे वैकल्पिक मार्ग के रूप में उपयोग कर सुगमता से कार्तिक मेला पहुंच सकते हैं इसके लिए गऊ घाट क्षेत्र में पानी को रोका जाकर सुनहरी घाट से पानी को छोड़ा गया है। जिससे कि नागरिक दत्त अखाड़ा वाली छोटी रपट का उपयोग सुगमता पूर्वक कर रहे हैं साथ ही वाहनों के लिए अन्य वैकल्पिक मार्गों की व्यवस्था है।

### शॉपिंग कॉम्प्लेक्स का कार्य शीघ्र पूर्ण करें

**उज्जैन।** अलखधाम स्थित निर्माणधीन मंशापूर्ण शॉपिंग कॉम्प्लेक्स जिसमें 118 दुकानों के साथ 30 ऑफिस है। जिसकी लागत लगभग 10 करोड़ रुपए है उक्त जी प्लस 04 कॉम्प्लेक्स का निर्माण नगर निगम द्वारा किया जा रहा है। रविवार को महापौर मुकेश टटवाल द्वारा संबंधित कंसलटेंट एजेंसी एवं निगम अधिकारियों के साथ उक्त निर्माण कार्य का अवलोकन किया गया एवं निगम अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि निर्माण कार्य में लेबर ओर कार्य की गति बढ़ाई जाकर मार्च 2026 तक कार्य पूर्ण करें साथ ही ड्राइंग डिजाइन, सूचना पटल, फ्लेक्स के माध्यम से नागरिकों को जानकारी प्रदान करें।

# महाकाल की नगरी में आएंगे 30 करोड़ मेहमान, उज्जैन बनेगा मेजबान

## सिंहस्थ की तैयारियों पर होगा दीपावली मिलन समारोह में मंथन, सिंहस्थ मेला अधिकारी आशीष सिंह,कलेक्टर रौशन सिंह ग्राउंड रिपोर्ट करेंगे साझा

**उज्जैन। सिंहस्थ-2028 की भव्य तैयारियों और प्रगतिरत विकास कार्यों पर उज्जैन में दीपावली मिलन समारोह के दौरान महत्वपूर्ण चर्चा होगी। सिंहस्थ मेला अधिकारी एवं संभाग आयुक्त आशीष सिंह के नेतृत्व में यह आयोजन किया जा रहा है। जिसमें कलेक्टर रोशन कुमार सिंह भी जानकारी साझा करेंगे। आगामी रविवार सोमवार तक कार्यक्रम तय होगा।**





### जीआरपी की हिरासत में जबलपुर का युवक

दीपावली मिलन समारोह का उद्देश्य गणमान्य नागरिकों, संत समुदाय, एवं विभिन्न मीडिया प्रतिनिधियों को सिंहस्थ की जमीनी हकीकत और आगामी योजनाओं से अवगत कराना है। यह दीपावली मिलन समारोह एक सौहार्दपूर्ण और पारिवारिक वातावरण में आयोजित होगा। संभागआयुक्त आशीष सिंह के साथ उज्जैन कलेक्टर रोशन कुमार सिंह, नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा, महाकाल मंदिर प्रशासक प्रथम कौशिक, मध्य प्रदेश औद्योगिक विकास निगम के संचालक राजेश राठौर, एडीएम अतेंद्र सिंह गुर्जर एसडीएम एलएन गर्ग, कृतिका भीमावद, एसपी प्रदीप शर्मा से लेकर आईजी उमेश जोगा और डीआईजी नवनीत भसीन समेत सभी वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहेंगे। इस दौरान उज्जैन के गणमान्य नागरिक, संत समुदाय, तथा पत्रकार (इलेक्ट्रॉनिक, प्रिंट और सोशल मीडिया) के संचालक सीधे अधिकारियों से संवाद कर सकेंगे। इस में 13 अखाड़ों और अन्य धार्मिक संस्थाओं के संचालकों को भी आमंत्रित करने का प्रयास किया जाएगा। सिंहस्थ-2028 के मद्देनजर उज्जैन में युद्ध स्तर पर चल रहे निर्माण कार्य और विकास परियोजनाएं होंगी। अधिकारियों द्वारा निम्नलिखित बिंदुओं पर वस्तुस्थिति से अवगत कराया जाएगा, वे परियोजनाएं जो अब तक पूर्ण हो चुकी हैं। वर्तमान में जो कार्य प्रगति पर हैं (जैसे सड़क चौड़ीकरण, घाटों का विकास, रिवर फ्रंट कॉरिडोर आदि) भविष्य में शुरू होने वाली प्रमुख परियोजनाएं। मध्य प्रदेश सरकार द्वारा उपलब्ध कराया जा रहा बजट। केंद्र सरकार से मिलने वाली संभावित राशि। केंद्र सरकार की कौन सी बड़ी परियोजनाएं उज्जैन में चल रही हैं।

मध्य प्रदेश सरकार की आगामी योजनाएं क्या रहेगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा अनुसार, लगभग 30 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं के महाकुंभ में आगमन के लिए तैयार किए गए विशेष योजना (भीड़ प्रबंधन, यातायात, आवास, मूलभूत सुविधाएं) पर भी विस्तृत जानकारी साझा की जाएगी।

दीपावली मिलन समारोह में विभिन्न तरह की सामाजिक, सांस्कृतिक और धार्मिक गतिविधियों के संबंध में स्थानीय हितधारकों से सुझाव भी लिए जाएंगे। इन सुझावों को सिंहस्थ के सफल और यादगार आयोजन में शामिल करने पर विचार किया जाएगा।

आयोजन के तहत एक मीडिया टूर भी बनाया जाएगा। जिसमें मीडिया प्रतिनिधियों को सिंहस्थ से संबंधित महत्वपूर्ण निर्माण कार्यों का अवलोकन कराया जाएगा। ताकि वे स्वयं विकास कार्यों की प्रगति को देख सकें और वस्तुनिष्ठ रिपोर्टिंग कर सकें। यह आयोजन उज्जैन के विकास कार्यों, सौंदर्यीकरण और चौड़ीकरण के प्रयासों को जनता तक पहुंचाने और स्थानीय जनता व श्रद्धालुओं को होने वाले लाभों को स्पष्ट करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा।

### इनका कहना है

महाकुंभ 2028 के मद्देनजर निश्चित तौर पर विकासात्मक गतिविधियां चल रही है। कई योजनाएं बन चुकी है कुछ और योजनाएं अभी बनाई जा रही है कुल मिलाकर सिंहस्थ के संबंध में विचार विमर्श करने के लिए सौहार्दपूर्ण वातावरण में चर्चा की जाएगी। इसके लिए दीपावली मिलन की तिथि तय करके सभी को आमंत्रित किया जाएगा। आगामी रविवार सोमवार तक कार्यक्रम तय होगा।

-आशीष सिंह संभागायुक्त

# अधेड़ ने खुद पर पेट्रोल डालकर लगाई आग

## हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने इंदौर किया रैफर

**उज्जैन। शिवाजी पार्क में रविवार सुबह अधेड़ ने खुद पर पेट्रोल छिड़क कर आग लगा ली। उसे आग में घिरा देख लोगों ने पुलिस को सूचना दी। सौ प्रतिशत झुलसी हालत में उसे उपचार के लिए चरक अस्पताल लाया गया। जहां से इंदौर रैफर किया गया है।**

माधव नगर थाना पुलिस ने बताया कि सुबह कुछ लोगों ने एक युवक द्वारा खुद पर पेट्रोल छिड़क कर आग लगाने की सूचना दी थी। एंबुलेंस और पुलिस शिवाजी पार्क पहुंची। युवक को बचाकर अस्पताल लाया गया लेकिन वह सौ प्रतिशत झुलस चुका था। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम राजेंद्र पिता रामचंद्र शर्मा निवासी सनराइज सिटी नागझरी होना बताया। फिलहाल उसकी हालत चिंताजनक बनी हुई है बयान दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है। वही झुलसे राजेंद्र का कहना था कि उसकी पत्नी ज्योति और बच्ची को शिप्रा बिहार में रहने वाला संतोष कुमार लेकर चला गया है। जिसके चलते वह परेशान है उसका कहना था कि फर्नीचर बनाने का काम करता हूं पत्नी और बच्ची के जाने से परेशान होकर खुद को आज लगाई है। मामले में नागझिरी थाना पुलिस से संपर्क करने पर पता चला कि किसी महिला और बच्ची के लापता होने की कोई गुमशुदगी सनराइज सिटी के व्यक्ति ने दर्ज नहीं कराई है। नहीं माधव नगर थाना पुलिस का कहना है कि झुलसे व्यक्ति के परिजनों और आसपास के रहने वालों से भी जानकारी जुटा जाएगी। ऐसा प्रतीत हो रहा है कि राजेंद्र शर्मा मानसिक रूप से बीमार है। जांच और बयान के बाद ही घटनाक्रम की सही स्थिति स्पष्ट हो पाएगी।

### युवक ने लगाई फांसी

उज्जैन। देवास रोड पर ग्रामीण क्षेत्र में एक युवक का शव पेड़ पर गमछे के फंदे से लटका मिला है। युवक कुछ दिन पहले ही खरगोन से उज्जैन आया था और हाली का काम करने लगा था। पहचान होने पर पुलिस में परिजनों को सूचना दी है। नागझरी थाना क्षेत्र के ग्राम चंदेसरा और मानपुरा के बीच रविवार सुबह कुछ लोगों ने पेड पर लटकी एक युवक की लाश देखी तो पुलिस को सूचना दी। मौके पर जांच के दौरान सामने आया कि फांसी लगाने वाला नानूराम पिता कालूराम चौहान 35 साल निवासी खरगोन का रहने वाला है। दो-तीन दिनों से चंदेसरा में रहने वाले समंदर सिंह के यहां हाली का काम कर रहा था। पुलिस ने खेत मालिक से संपर्क किया और लाश को फंदे से उतार कर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल पहुंचाया। परिजनों को घटना की सूचना दी गई है उनके आने पर पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

### हमलावरों का 15 दिन बाद भी नहीं मिला सुराग

उज्जैन। वीडी क्लॉथ मार्केट में 15 दिन पहले उधार कंबल और बेडशीट नहीं देने पर व्यापारी विमलचंद्र पिता बिरदीचंद्र जैन 72 साल पर 2 लोगों ने चाकू से जानलेवा हमला कर दिया था। व्यापारी को लहूलुहान हालत में निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। कोतवाली थाना पुलिस ने घायल व्यापारी के पुत्र संदीप जैन की शिकायत पर मामला दर्ज किया था। उस दौरान सामने आया था कि हमला करने वालों में मनीष पुरोहित और उसका साथी शामिल था। मनीष पूर्व में बहादूरगंज का रहने वाला था, जो वर्तमान में देपालपुर में निवास कर रहा है। वह पहले भी कई बार व्यापारी की दुकान से खरीददारी कर चुका था। पुलिस ने उसकी तलाश में देपालपुर और इंदौर के ठिकानों पर दबिश भी मारी, लेकिन 15 दिन गुजर जाने के बाद भी कोई सुराग नहीं मिल पाया। मनीष के गिरफ्त में आने पर ही उसके साथ हमले में शामिल आरोपी का पता लगा पायेगा।

# विद्यार्थियों को स्कूल सामग्री प्रदान



**उज्जैन। लोह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वी जयंती एवं भूतपूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की 41वी पुण्यतिथि पर छात्र-छात्राओं को स्कूल बैग, कॉपी, पेन प्रदान किए गए।**

सर सैयद अहमद वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष पंकज जायसवाल एवं संरक्षक सैयद अबीद अली मीर ने बताया कि देश के पहले गृहमंत्री, लोह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती एवं भूतपूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि पर सर सैयद अहमद वेलफेयर सोसाइटी द्वारा अहमदनगर स्थित माहेनूर हाल में छात्र-छात्राओं को स्कूल बैग कॉपी, पेन, प्रदान किए गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी सैयद उस्मान हसन ने लोह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल का स्मरण करते हुए अपने उद्बोधन में कहा सरदार पटेल ने देश की बिखरी हुई रियासतों को अपने कुशल नेतृत्व से भारत में विलय कर देश को अखंड भारत बनाया। अनेक स्वतंत्रता आंदोलन में भाग लिया। आप राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के साथ देश के लिए अनेक बार जेल गए आपका योगदान यह देश कभी भुला नहीं पाएगा। मौलाना इकबाल, शाकिर शेख, अनुदीप गंगवार, इकबाल उस्मानी ने स्मरण किया और श्रद्धांजलि अर्पित की। उपरोक्त जानकारी प्रचार सचिव चेतन ठक्कर और नासिर मंसूरी ने दी।

## 4 से प्रारंभ होने वाले कार्तिक मेले में इस बार शहरवासी फिश टनल, जलपरी एवं 25 से अधिक झूलों का आनंद लेंगे : महापौर

**उज्जैन। परंपरागत रूप से लगने वाले शिप्रा नदी के तट पर कार्तिक मेले का आयोजन नगर निगम द्वारा किया जाएगा। जिसका शुभारंभ 4 नवंबर को होगा। मेले से संबंधित सभी आवश्यक व्यवस्थाएं अपने अंतिम चरण में है।**

महापौर मुकेश टटवाल ने बताया गया कि एक माह तक लगने वाले कार्तिक मेले का आनंद सभी शहरवासी मनोरंजन एवं उत्साह के साथ ले सकेंगे। इसके लिए मेला क्षेत्र को इस बार ओर अधिक बार आकर्षक और नया स्वरूप प्रदान किया गया है। इस बार नगर निगम द्वारा आयोजित मेले में 25 झूलों के साथ-साथ फिश टनल, जलपरी, अमरनाथ गुफा आकर्षण का केंद्र रहेगी। मेला क्षेत्र में आने वाले नागरिकों के लिए निःशुल्क रूप से 4 स्थानों पर पानी के वाटर एटीएम रहेंगे। 6 अलग-अलग स्थान पर शौचालय एवं मूत्रालय की व्यवस्था रहेगी। साथ ही कार्तिक मेला की ओर जाने वाली छोटी रपट पर निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया है। इसलिए दत्त अखाड़ा क्षेत्र के पास छोटी रपट से आवागमन प्रारंभ किया गया है। जिसमें सुरक्षा की दृष्टि से सुरक्षा गार्ड की नियुक्ति की जाएगी।

# बागपुरा और लोहे के पुल पर चाकूबाजी, 4 की तलाश

**उज्जैन। रात में एक बार फिर दो स्थानों पर चाकूबाजी होना सामने आया। घटना में घायल दो युवकों को चरक अस्पताल में भर्ती किया गया है। पुलिस में घायलों के बयान दर्ज कर चाकू मारने वालों की तलाश शुरू कर दी है।**

बताया जा रहा है कि पहले चाकू बाजी की घटना लोहे के पुल पर भी हुई। रतलाम का रहने वाला अखिल पिता अब्दुल कुरैशी अपनी बुआ के घर आया हुआ था और बाहर खड़ा हुआ था इस दौरान वहां पर अनस, वसीम और सलीम भी खड़े हुए थे। आपस में बातचीत के दौरान विवाद हो गया और तीनों ने मिलकर अखिल पर चाकू से हमला कर दिया। अचानक हुई चाकू बाजी से क्षेत्र में अपराध अपनी मच गई। चाकू मारने वाले तीनों युवक भाग निकले। घायल अकिल को रिश्तेदारों ने अस्पताल पहुंचाया और पुलिस को सूचना दी। दूसरी चाकू बाजी की घटना बागपुरा क्षेत्र में हुई यहां रहने वाले देवेंद्र पिता मनोहर लाल मेहर का पिछले 6 माह से पड़ोस में रहने वाले प्रकाश के साथ विवाद चल रहा है। रात में दोनों का आमना-सामना हो गया और पुराने विवाद को लेकर कहा सुनी शुरू हो गई। इसी दौरान प्रकाश ने देवेंद्र पर तबातोड़ चाकू से वार कर दिए। चाकू के सात बार लगने पर देवेंद्र लहूलुहान हो गया। परिवार की मदद से उसे उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंच गई थी चाकू मारने वाले की तलाश की जा रही है। दीपावली की रात से ही शहर में चाकूबाजी की घटनाएं काफी बढ़ गई थी इस दौरान दो युवकों की हत्या भी हो चुकी है। जिसको लेकर पुलिस द्वारा गुंडे बदमाशों के खिलाफ घर पकड़ अभियान चलाया जा रहा है। कई चाकू लेकर घूमने वालों को पकड़ा गया है बावजूद इसके रात में फिर चाकूबाजी हो गई।

### एटीएम कार्ड बदलकर उड़ाये 78 हजार

उज्जैन। ऋषिनगर में रहने वाले 75 वर्षीय लक्ष्मीनारायण श्रीवास्तव के साथ क्षेत्र के पेट्रोल पंप के पास एटीएम बूथ में धोखाधड़ी की बड़ी घटना हो गई। कुछ दिन पहले वह एटीएम से रूपये निकालने गये थे। जहां पहले से एक युवक खड़ा था। उन्होंने रुपए निकाले, उसी दौरान उनका पिन नंबर देख लिया और बातों में उलझाकर उनका एटीएम कार्ड बदल लिया। उसी दिन खाते से 38 हजार रुपए निकाले गये। दूसरे दिन 40 हजार उड़ा दिये। खाते से रुपए निकलने का मैसेज लक्ष्मीनारायण के इंदौर में रहने वाले पुत्र के ईमेल पर आया तो धोखाधड़ी का पता चला। शासकीय विभाग से सेवानिवृत्त लक्ष्मीनारायण श्रीवास्तव ने मामले की लिखित शिकायत माधवनगर थाना पुलिस से कर रुपए वापस दिलवाने की गुहार लगाई है।

**हरि हर मिलन आज** | **दो सवारी का संयोग, सोमवार को कार्तिक की और हरिहर मिलन की सवारी**

# भगवान महाकालेश्वर की आज 2 सवारी, पहली शाम 4, दूसरी रात 11 बजे निकलेगी

**नवभारत न्यूज**

**उज्जैन।** महाकाल की आज सोमवार को दो सवारी निकलेगी।



पहली सवारी शाम 4 बजे कार्तिक मास की तो दूसरी रात 11 बजे हरिहर मिलन की होगी। दो सवारी का संयोग बहुत कम ही बनता है। कार्तिक की सवारी शाम 4 बजे मंदिर के सभामंडप में पूजन के पश्चात शुरू होगी जो गुदरी चौराहा, कहारवाड़ी होकर शिप्रा तट पहुंचेगी। जहां पूजन के पश्चात गणगौर दरवाजा से कार्तिक चौक, ढाबारोड, गोपाल मंदिर होकर वापस मंदिर पर समाप्त होगी। सवारी में घुड़सवार दल, पुलिस व मंदिर का बैंड, सशस्त्र जवान, भजन मंडली के साथ चांदी की पालकी में मनमहेश निकलेंगे।

रात 11 बजे हरि-हर मिलन की सवारी मंदिर से शुरू होकर गुदरी, पटनी बाजार से गोपाल मंदिर जाएगी जहां हरि यानी विष्णु से हर यानी शिव का मिलन होगा। मंदिर में पूजन के बाद रात को पुनः सवारी गोपाल मंदिर से महाकाल के लिए रवाना होगी। सवारी के दौरान प्रशासन ने आतिशबाजी पर प्रतिबंध लगा दिया है। मार्ग की सभी गलियों को बेरिकेड्स लगाकर बंद किया जाएगा। पुलिस की टीमें संपूर्ण सवारी मार्ग पर तैनात रहेगी। एसपी प्रदीप शर्मा ने बताया सवारी पर सीसीटीवी कैमरों से नजर रखी जाएगी। हिंगोट, खतरनाक पटाखे और रॉकेट आदि चलाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। सवारी की रिकॉर्डिंग भी की जाएगी। पालकी के आगे व पीछे फायर एक्सटिंग्विशर कर्मियों को तैनात करने का निर्णय लिया है। फायर ब्रिगेड दल, मोटरसाइकिल फायर ब्रिगेड सवारी मार्ग में आने वाली लगभग 20 गलियों पर तैनात होंगे। प्रशासन ने चेतावनी दी कि हुड़दंग करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### वीर हनुमान जी को लगा अन्नकूट, महामंडलेश्वर ने की आरती



महाकाल वन कार्तिकचौक स्थित वीर हनुमान मंदिर पर तुलसी विवाह के साथ अन्नकूट लगाया गया। ढोल-ढमाकों व आतिशबाजी के बीच शालिग्राम जी की बारात मंदिर पहुंची। श्री वीर हनुमान मंदिर के पुजारी पं. जस्सू गुरु महाराज, पुजारी नीलेश गुरु, पुजारी कृष्णा गुरु ने बताया निर्मोही अखाड़े के महामंडलेश्वर श्री श्री 1008 ज्ञानदास महाराज,अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष पं. सुरेंद्र चतुर्वेदी, महाकाल मंदिर पुरोहित समिति के अध्यक्ष पं. लोकेंद्र व्यास ने महाआरती की। पूजन पंडित मदन शर्मा ने कराया। महोत्सव में दिनेश रावल, वीरेंद्री त्रिवेदी, गोविंद कर्पे शामिल हुए। स्वागत संजय शर्मा, सहदेव शर्मा ने किया। सजावट लखन गुप्ता, अक्षत गुप्ता ने की।

### ई-कार्ट व कैश काउंटिंग मशीन दान

महाकाल मंदिर में रविवार को इंडियन ओवरसीज बैंक ने एक ई-कार्ट और दो कैश काउंटिंग मशीन दान की। एमडी व सीईओ अजय कुमार श्रीवास्तव और जीएम मध्यप्रदेश संजय कुमार सिंह ने मंदिर प्रबंध समिति के सहायक प्रशासक मूलचंद जूनवाल को पूजन का वाहन व मशीन सोपी। आर्कटिक और अंटार्कटिका के हिस्सों में देखा जा सकेगा।